दिनांक–24.06.2024
समय–7.10एएम
आकाशवाणी, भोपाल

मुख्य समाचार :–

- 18वीं लोकसभा का पहला सत्र आज से। नवनिर्वाचित सांसद लेंगे षपथ।
- वीरांगना रानी दुर्गावती का बलिदान आज। जबलपुर में होगा मुख्य समारोह।
- मॉनसून के प्रभाव से प्रदेष के सभी जिलों में बारिष। आज कुछ जिलों में तेज बारिष की संभावना।
- आईसीसी 20–20 क्रिकेट विष्वकप के सुपर–8 में आज भारत का मुकाबला आस्ट्रेलिया से।

संसद सत्र

18वीं लोकसभा का पहला सत्र आज से शुरू हो रहा है। सत्र के दौरान नव–निर्वाचित सांसदो को शपथ दिलाई जाएगी। वरिष्ठ भाजपा सांसद भर्तृहरि महताब लोकसभा के नए सांसदों को शपथ दिलाएंगे। श्री महताब को अस्थाई अध्यक्ष बनाया गया है। नए लोकसभा अध्यक्ष का चुनाव इस महीने की 26 तारीख को होगा। अगले दिन 27 जून को लोकसभा और राज्यसभा के संयुक्त सत्र में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु का अभिभाषण होगा। संसद सत्र अगले महीने की तीन तारीख तक चलेगा।

नीट– पुनः परीक्षा

नीट–यूजी परीक्षा में ग्रेस या क्षतिपूर्ति अंक पाने वाले एक हजार 563 अभ्यर्थियों की परीक्षा कल दोबारा आयोजित की गई। शिक्षा मंत्रालय के अनुसार छत्तीसगढ़, गुजरात, हरियाणा, मेघालय और चंडीगढ़ राज्यों के सात केंद्रों में पुनः परीक्षा सम्पन्न हुई। कुल एक हजार 563 अभ्यर्थियों में से 813 अभ्यर्थी इस पुनः परीक्षा में शामिल हुए, जबकि 750 विद्यार्थी इस परीक्षा में शामिल नहीं हुए।

राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी के उच्च स्तरीय समिति की रिपोर्ट की समीक्षा के बाद सर्वोच्च न्यायालय की टिप्पणी पर एजेंसी द्वारा पुनः परीक्षा आयोजित की गई।

अनोखी पहल–बालाघाट

बालाघाट जिले के ग्राम पंचायत चरेगांव की सरपंच श्रीमती मीना बिसेन ने एक अनोखी पहल की षुरूआत की है। उनके द्वारा पंचायत भवन में क्लास लगाकर गांव सहित आसपास के क्षेत्रों के छात्र–छात्राओं को निशुल्क अंग्रेजी की कोचिंग दी जा रही है और ब्यौरा हमारे बालाघाट संवाददाता से

वीरांगना रानी दुर्गावती–मुख्यमंत्री

वीरांगना रानी दुर्गावती के 461वें बलिदान दिवस पर आज  मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव नर्रई नाला, जबलपुर में हो रहे मुख्य कार्यक्रम में शामिल होंगे। इसमें अन्य जन प्रतिनिधि और नागरिक भी

उपस्थित रहेंगे। वीरांगना रानी दुर्गावती को उनके समाधि स्थल पर आदरांजलि दी जाएगी। इस अवसर पर एक अन्य कार्यक्रम में वेटनरी कॉलेज जबलपुर में संस्कृति विभाग द्वारा रानी दुर्गावती के जीवन पर आधारित नृत्य नाटिका की प्रस्तुति की जाएगी। स्वराज संस्थान की ओर से एक चित्र प्रदर्शनी भी लगाई जाएगी।

वीरांगना रानी दुर्गावती की स्मृति में आयोजित होने वाले कार्यक्रम आगामी 5 अक्टूबर तक जारी रहेंगे।

पल्स पोलियो अभियान–प्रदेष

प्रदेश में पोलियो सुरक्षा चक्र बनाये रखने के लिए 23 जून से 25 जून तक प्रदेशव्यापी अभियान चलाया जा रहा है। इसके अंतर्गत प्रदेश में 1 करोड़ से अधिक 0–5 वर्ष के बच्चों को पोलियो की दवा पिलाने का लक्ष्य रखा गया है। इंदौर में पल्स पोलियो महाअभियान के बारे में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. बी.एस. सैत्या ने बताया कि इंदौर में इसके लिये 8 हजार से अधिक कर्मचारी तैनात हैं। जो आज से घर–घर जाकर छूटे हुए बच्चों को पोलियो की दवाई पिलाएंगे। खंडवा में सांसद ज्ञानेश्वर पाटील व पंधाना विधायक श्रीमति छाया मोरे ने कल सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र पंधाना तथा उपस्वास्थ्य केन्द्र निहालवाड़ी में दो बूंद दवा पिलाकर राष्ट्रीय पल्स पोलियो अभियान का शुभारंभ किया। ष्योपुर जिले में राष्ट्रीय पल्स पोलियो अभियान के तहत पहले दिन बूथ डे पर लगभग 1 लाख 5 हजार 643 बच्चों को पोलियो की दवा पिलाई गई। मंडला जिले के रपटाघाट में कलेक्टर डॉ. सलोनी सिडाना ने बच्चों को पोलियो की दवा पिलाई। कलेक्टर डॉ. सिडाना ने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि कोई भी बच्चा पोलियो की दवा से वंचित नही रहना चाहिए। कलेक्टर ने बच्चों के अभिभावकों से भी आग्रह किया कि वे आगे आकर अपने बच्चों को दो बूंद जिंदगी की अवश्य पिलाएं। शाजापुर जिले में "उठो पोलियो बूथ चलो" की थीम पर जनप्रतिनिधियों ने पोलियो बूथ का शुभारंभ कर बच्चों को पोलियो की खुराक पिलाई। शाजापुर में विधायक अरूण भीमावद ने और उच्च शिक्षा, तकनीकी शिक्षा एवं आयुष विभाग मंत्री इन्दरसिंह परमार ने शुजालपुर में बच्चों को पोलियो की दवा की पिलाई।

पीएम– मन की बात

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी इस महीने की 30 तारीख को आकाशवाणी पर 'मन की बात' कार्यक्रम में देश–विदेश के लोगों के साथ अपने विचार साझा करेंगे। यह मासिक रेडियो कार्यक्रम की एक सौ 11वीं कडी होगी। श्री मोदी के लगातार तीसरी बार प्रधानमंत्री के रूप में दोबारा चुने जाने के बाद यह पहला मन की बात कार्यक्रम होगा। इस कार्यक्रम के लिए श्रोता टोल फ्री नंबर 18 00–11–78 00 के माध्यम से अपने विचार और सुझाव दे सकते हैं। आप अपने विचार नरेंद्र मोदी ऐप या MyGov Open Forum के माध्यम से ऑनलाइन भी साझा कर सकते हैं। 28 जून तक भेजे गए सुझाव और विचारों को इस कार्यक्रम में शामिल किया जाएगा।

मॉनसून–बारिष

दक्षिण पष्चिम मॉनसून कल प्रदेष के आलीराजपुर, बड़वानी, धार, खरगोन, सीधी, सिंगरौली, इंदौर, उज्जैन, देवास, भोपाल, रायसेन, नर्मदापुरम में प्रवेष कर गया है। इसके प्रभाव से प्रदेष के अधिकांष

जिलों में कहीं कम तो कहीं अधिक बारिष हो रही है। मौसम विभाग ने आज भोपाल, बैतूल, खरगोन, बड़वानी, आलीराजपुर, छिंदवाड़ा, सिवनी, बालाघाट और पांडूरना सहित कुछ अन्य जिलों में तेज वर्षा की संभावना जताई है। इसके अलावा 47 जिलों के लिये बारिष का येलो अलर्ट जारी किया गया है। प्रदेष में कल भी कई जगहों पर बारिष दर्ज की गई।

टी–20 विश्वकप

आईसीसी ट्वेंटी–ट्वेंटी क्रिकेट विश्वकप में आज भारत अपने सुपर–8 में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ खेलेगा। यह मैच भारतीय समयानुसार रात आठ बजे से सेंट लूसिया, ग्रॉस आइलेट के डैरेन सैमी राष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम में खेला जाएगा। इससे पहले, खेले जा चुके ट्वेंटी–ट्वेंटी के ऐसे 31 मैचों में भारत 19 जीत के साथ बढ़त पर है, जबकि ऑस्ट्रेलिया को केवल ग्यारह मैचों में जीत हासिल हुई है और एक मैच का कोई परिणाम नहीं आया।

अन्य मुकाबले में वेस्टइंडीज का सामना साउथ अफ्रीका से एंटीगुआ के सर विवियन रिचर्ड्स स्टेडियम में जारी है। वहीं कल रात ब्रिजटाउन, बारबाडोस के केंसिंग्टन ओवल में पिछले चैंपियन इंग्लैंड ने सह–मेजबान अमरीका को 10 विकेट से हराकर सेमीफाइनल में प्रवेश किया।

अब कुछ समाचार संक्षेप में .....

- उप–मुख्यमंत्री राजेन्द्र षुक्ल आज भोपाल के माधव राव सप्रे समाचार पत्र संग्रहालय एवं षोध संस्थान में ई–लाइब्रेरी का षुभारंभ करेंगे। इस अवसर पर पत्रकारिता पुरस्कार समारोह का आयोजन भी होगा।
- संस्कृति विभाग द्वारा गायन वादन पर केन्द्रीत प्रणति नामक संगीत समारोह 25 जून से 29 जून तक रविन्द्र भवन भोपाल में होगा। इसमें देष के सुप्रसिद्ध कलाकार अपनी कला का प्रदर्षन करेंगे।
- भोपाल के भारत भवन में आज षाम फिल्म रामायण का प्रदर्षन किया जाएगा। इसमें प्रवेष निःषुल्क है।
- पन्ना जिला कलेक्टर सुरेश कुमार ने कत दिवस पवई अनुविभाग अंतर्गत ग्राम पंचायत पड़वार के ग्राम टिकरिया पहुंचकर जन समस्या निवारण शिविर में ग्रामवासियों की समस्याएं सुनी। उन्होंने इस दौरान उपस्थित अधिकारियों को ग्राम में मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराने के संबंध में आवश्यक निर्देश दिए।
- भिंड जिले मे खेल और युवा कल्याण विभाग द्वारा शहर के शासकीय एमजेएस महाविद्यालय परिसर में आयोजित किए जा रहे ग्रीष्मकालीन खेल प्रशिक्षण शिविर का समापन हुआ। इस अवसर पर शिविर में शामिल हुए बच्चों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया।
- केंद्रीय राज्य मंत्री श्रीमती सावित्री ठाकुर ने गत दिवस धार में एक पेड़ माँ के नाम अभियान के तहत पौध रोपण किया।
- रतलाम में गत दिवस पत्रकारों के लिये सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर श्रेस्ठ पत्रकारिता के लिये पुरस्कार प्रदान किये गए।
- भारतीय महिला क्रिकेट टीम ने बेंगलुरु के एम. चिन्नास्वामी स्टेडियम में तीसरे और अंतिम एक दिवसीय अंतर्राष्ट्रीय मैच में दक्षिण अफ्रीका को छह विकेट से हराकर श्रृंखला 3–0 से जीत ली।

———————————————————

**न्यूज फॉर हिन्दी वैब -**

**अनोखी पहल-बालाघाट**

बालाघाट जिले के ग्राम पंचायत चरेगांव की सरपंच श्रीमती मीना बिसेन ने एक अनोखी पहल की शुरूआत की है। उनके द्वारा पंचायत भवन में क्लास लगाकर गांव सहित आसपास के क्षेत्रों के छात्र-छात्राओं को निशुल्क अंग्रेजी की कोचिंग दी जा रही है।

मॉनसून-बारिश

दक्षिण पष्चिम मॉनसून कल प्रदेश के आलीराजपुर, बड़वानी, धार, खरगोन, सीधी, सिंगरौली, इंदौर, उज्जैन, देवास, भोपाल, रायसेन, नर्मदापुरम में प्रवेश कर गया है। इसके प्रभाव से प्रदेष के अधिकांश जिलों में कहीं कम तो कहीं अधिक बारिश हो रही है। मौसम विभाग ने आज भोपाल, बैतूल, खरगोन, बड़वानी, आलीराजपुर, छिंदवाड़ा, सिवनी, बालाघाट और पां□रना सहित कुछ अन्य जिलों में तेज वर्षा की संभावना जताई है। इसके अलावा 47 जिलों के लिये बारिश का येलो अलर्ट जारी किया गया है। प्रदेश में कल भी कई जगहों पर बारिश दर्ज की गई।

वीरांगना रानी दुर्गावती-मुख्यमंत्री

वीरांगना रानी दुर्गावती के 461वें बलिदान दिवस पर आज मुख्यमंत्री □ॉ. मोहन यादव नर्रई नाला, जबलपुर में हो रहे मुख्य कार्यक्रम में शामिल होंगे। इसमें अन्य जन प्रतिनिधि और नागरिक भी उपस्थित रहेंगे। वीरांगना रानी दुर्गावती को उनके समाधि स्थल पर आदरांजलि दी जाएगी। इस अवसर पर एक अन्य कार्यक्रम में वेटनरी कॉलेज जबलपुर में संस्कृति विभाग द्वारा रानी दुर्गावती के जीवन पर आधारित नृत्य नाटिका की प्रस्तुति की जाएगी। स्वराज संस्थान की ओर से एक चित्र प्रदर्शनी भी लगाई जाएगी।

वीरांगना रानी दुर्गावती की स्मृति में आयोजित होने वाले कार्यक्रम आगामी 5 अक्टूबर तक जारी रहेंगे।

पल्स पोलियो अभियान-प्रदेश

प्रदेश में पोलियो सुरक्षा चक्र बनाये रखने के लिए 23 जून से 25 जून तक प्रदेशव्यापी अभियान चलाया जा रहा है। इसके अंतर्गत प्रदेश में 1 करोड़ से अधिक 0-5 वर्ष के बच्चों को पोलियो की दवा पिलाने का लक्ष्य रखा गया है। इंदौर में पल्स पोलियो महाअभियान के बारे में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य

अधिकारी □ॉ. बी.एस. सैत्या ने बताया कि इंदौर में इसके लिये 8 हजार से अधिक कर्मचारी तैनात हैं। जो आज से घर-घर जाकर छूटे हुए बच्चों को पोलियो की दवाई पिलाएंगे। खं□वा में सांसद ज्ञानेश्वर पाटील व पंधाना विधायक श्रीमति छाया मोरे ने कल सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र पंधाना तथा उपस्वास्थ्य केन्द्र निहालवाड़ी में दो बूंद दवा पिलाकर राष्ट्रीय पल्स पोलियो अभियान का शुभारंभ किया। ष्योपुर जिले में राष्ट्रीय पल्स पोलियो अभियान के तहत पहले दिन बूथ □ पर लगभग 1 लाख 5 हजार 643 बच्चों को पोलियो की दवा पिलाई गई। मं□ला जिले के रपटाघाट में कलेक्टर □ॉ. सलोनी सि□ाना ने बच्चों को पोलियो की दवा पिलाई। कलेक्टर □ॉ. सि□ाना ने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि कोई भी बच्चा पोलियो की दवा से वंचित नही रहना चाहिए। कलेक्टर ने बच्चों के अभिभावकों से भी आग्रह किया कि वे आगे आकर अपने बच्चों को दो बूंद जिंदगी की अवश्य पिलाएं। शाजापुर जिले में “उठो पोलियो बूथ चलो“ की थीम पर जनप्रतिनिधियों ने पोलियो बूथ का शुभारंभ कर बच्चों को पोलियो की खुराक पिलाई। शाजापुर में विधायक अरूण भीमावद ने और उच्च शिक्षा, तकनीकी शिक्षा एवं आयुष विभाग मंत्री इन्दरसिंह परमार ने शुजालपुर में बच्चों को पोलियो की दवा पिलाई।

---------------------------